>

Title: The Minister of Parliamentary Affairs made a statement regarding Government Business for the week commencing the 7th May, 2012 and submission made by members.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): With your permission, Madam, I rise to announce that Government Business during the week commencing Monday, the 7th of May, 2012, will consist of:-

1. Consideration of any item of Government Business carried over from today's Order Paper.
2. Consideration and passing of the Finance Bill, 2012.
3. Consideration and passing of the following Bills, as passed by Rajya Sabha:-
   (i) The Railway Property (Unlawful Possession) Amendment Bill, 2011;
   (ii) The Central Educational Institution (Reservation in Admission) Amendment Bill, 2012; and
   (iii) The Chemical Weapons Convention (Amendment) Bill, 2012.
4. Consideration and passing of the North-Eastern Areas Reorganisation and Other Related Laws (Amendment) Bill, 2012.
5. Consideration and passing of the following Bills, after they are passed by Rajya Sabha:-
   (i) The Administrator's General (Amendment) Bill, 2011; and
   (ii) The Protection of Children from Sexual Offences Bill, 2011.

MADAM SPEAKER: submissions by Members; Dr. Kirit P. Solanki.

**डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम):** अध्यक्ष महोदया, अगले सप्ताह की कार्य सूची में निम्नलिखित विषयों को समाविष्ट करने का मैं आपसे निवेदन करता हूं:

गुजरात सरकार ने सर्वसम्मति से गुजरात हाईकोर्ट की कार्यप्रणाली, प्रोसीडिंग, डाक्युमेंटेशन एवं जजमेंट में गुजराती भाषा का इस्तेमाल करने के लिए ठहराव किया है। संविधान की धारा 348 के तहत भी कोर्ट की कार्यप्रणाली में मातृभाषा का उपयोग करने का प्रावधान है।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया:** आप विषय विस्तार में मत जाइए, सिर्फ विषय बोलिए। आप इसके विस्तार में मत जाइए, सिर्फ विषय का उल्लेख करना होता है।

*m03

**डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी :** गुजरात सरकार ने इस संबंध में अगली कार्यवाही के लिए 13-5-2011 को पत्र् भी सूचित किया है।

अध्यक्ष महोदया, मेरी आपके माध्यम से प्रार्थना है कि गुजराती भाषा को गुजरात हाईकोर्ट के कार्य में सम्मिलित करने के लिए कार्यवाही की जाए।

SHRIMATI SUSMITA BAURI (VISHNUPUR): Madam Speaker, I would like to request you to kindly include the following in the next week's List of Business:
1. Rising graph of violence against women and children. India has failed to provide a safe environment of security for

women. There is an increase of violence against women and shamefully the girl child, while conviction rates are very low. Hence, an urgent discussion is required to identify the weakness in legal and social framework to tackle this problem.

2. Bring the Women Reservation Bill which has been passed in Rajya Sabha during this Budget Session for discussion.

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी):** अध्यक्ष महोदया, अगले सप्ताह की कार्य सूची में निम्नलिखित विषयों को जोड़ा जाए:

1- पश्चिमी कोसी नहर के कार्य को शीघ्र पूरा करवाने पर सदन में चर्चा की जाए।

2- सकरी-निर्मली रेल लाइन के अमान परिवर्तन और उस रेल खंड को दिल्ली से पूर्वोत्तर तक शीघ्र चालू कराने पर सदन में चर्चा की जाए।

MADAM SPEAKER: Shri Jai Prakash Agarwal – not present. Shri Adhir Chowdhury – not present. Shri Ramkishun.

**श्री रामकिशुन (चन्दौली):** अध्यक्ष महोदया, अगले सप्ताह की कार्य सूची में निम्नलिखित दो विषयों को जोड़ा जाए:

1- किसानों के कृषि पैदावार पर लगातार बढ़ती लागत के अनुपात में कृषि उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारण किए जाने की आवश्यकता।

2- देश के विभिन्न भागों सहित उत्तर प्रदेश राज्य की लम्बित सिंचाई परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर अतिशीघ्र कार्य पूर्ण कराए जाने की आवश्यकता।

SHRI N. PEETHAMBARA KURUP (KOLLAM): Respected Madam, the following items may be included in the next week's agenda:

1. Construction of Kollam by-pass at NH-47.
2. A special financial package for fisherman and cashew workers of Kerala.

**श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर):** अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषयों को सम्मिलित करने का अनुरोध कर रहा हूं:

1- राष्ट्रीय राजमार्गों पर प्रतिदिन बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए समुचे राष्ट्र में यह एक चिन्ता का विषय हो गया है। प्रतिदिन मोटर वाहनों की बढ़ती संख्या, उनकी बढ़ती स्पीड, अकुशल वाहन चालकों द्वारा वाहन चलाना, वाहन चलाते हुए मोबाइल पर बातें करते रहना, शराब पीकर वाहन चलाना, यातायात मार्ग निर्देशों की कमी, गलत तरीके से ओवरटेकिंग किए जाने के कारण, पैदल यात्रियों की गलतियों के कारण तथा वाहन चालक की लापरवाही ऐसे प्रमुख कारण रहे हैं, जिनसे राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। अत: सड़क दुर्घटनाओं के विषय की गंभीरता को देखते हुए इस विषय को आगामी सप्ताह की चर्चा में सम्मिलित किया जाए।

2- देश में आजादी के पश्चात् गैर सरकारी संगठनों की भूमिका समय-समय बदलती भी रही है। प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री का बयान भी 01 मार्च, 2012 को प्रकाशित हुआ है, जिसमें उन्होंने बताया है कि एनजीओ की जांच के इस दायरे में फॉरेन कंट्रीब्यूशन एक्ट, 2010 का उल्लंघन करने वाले कई संगठन आ सकते हैं। ऐसी स्थिति में यह प्रकरण एक ओर राष्ट्रीय सुरक्षा व आंतरिक सुरक्षा से जुड़ा हुआ भी है, दूसरी ओर भारत के विकास और राज्य सरकारों द्वारा विशेष योजनाओं के माध्यम से किए जा रहे विकास की रफ्तार को रोकने से जुड़ा हुआ भी हो सकता है। विषय की गंभीरता को देखते हुए इस विषय को आगामी सप्ताह की चर्चा में सम्मिलित किया जाए।

**श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर):** अध्यक्ष महोदया, मैं निम्नलिखित लोक महत्व के विषयों को अगले सप्ताह की कार्यसूची में शामिल करने का अनुरोध करता हूं।

1. महाराष्ट्र राज्य की राष्ट्रीय परियोजना इंदिरा सागर गोसीखुर्द सिचांई परियोजना के विस्थापितों के पुनर्वास तथा किसानों को तत्काल सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लंबित धनराशि के आबंटन को तत्काल निर्मुक्त कराने के कदम उठाये।
2. महाराष्ट्र राज्य के चन्द्रपुर में केंद्र सरकार स्वयं पहल कर वहां मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के लिए आवश्यक कदम तत्काल उठाए।

SK. SAIDUL HAQUE (BARDHMAN-DURGAPUR): Madam Speaker, I want that the following items may be included in the next week's agenda.

a) Durgapur Steel Plant under SAIL in West Bengal is facing challenge of existence because of slow progress of different projects. There have been cases of skill dilution and also lack of finished products units. SAIL is investing little amount of its modernization programme there. Expansion and installation of finished product units are the urgent need for rejuvenation of

DSP.

b) Need to set up a National Rural Bank as the apex body of Regional Rural Banks.

MADAM SPEAKER: You just mention the topic. Nothing else will go in record.

*(Interruptions) â€¦** 

*SHRI ADHIR CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Madam, the following items may be included in the List of Business of the coming week:

1) Acquisitions of Defence equipment are still being tardy which need to be revamped and expedited.

2) Drought is looming large in various parts of the country; it calls for immediate attention.